में हिन्दी साहित्यकारों द्वारा लिखित पुस्तकें तथा भारतीय भाषाओं में अनुदित पुस्तकें कम संख्या में उपलब्ध हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान, शिमला द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, संस्थान मानविकी, सामाजिक विज्ञान के विषयों तथा अंतर-विषयक आयामों के साथ प्राकृतिक विज्ञानों के कुछ पहलुओं पर अनुसंधान कर रहा है। संस्थान में अनुसंधान के लिए संपूर्ण भारत और कभी-कभी विदेशों से भी छात्र आते हैं। संस्थान का अधिकतर अनुसंधान कार्य अंग्रेजी में किया जाता है। हिंदी भाषा में अनुसंधान करने वाले छात्रों के लिए हमेशा हिन्दी में यथा उपलब्ध आवश्यक पुस्तकें, खरीदी जाती हैं।

Education Code and Transfer Guidelines

2386. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether All India Kendriya Vidyalayas Teachers Association has demanded the withdrawal of Education Code and Transfer Guidelines; and

(b) if so, the reaction of the Government thereto?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

Office Accommodation for AIKVTA Association

2387. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that All India Kendriya Vidyalayas Teachers Association (AIKVTA) have demanded allotment of office accommodation for their Association in the KVS' Headquarters office; and

(b) if so. the reasons for not accepting the demand?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) Due to expansion of the Kendriya Vidyalaya Sangathan, the building of KVS (HQ) is inadequate for the requirement of the Kendriya Vidyalaya Sangathan employees as per norms. Hence, no such accommodation can be made available to the different staff associations.

डा० बी० आर० अम्बेडकर के नाम से विश्वविद्यालय

2388. श्री अजीत जोगी

श्री राजूभाई ए० परमार :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने कीकृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दो वर्ष पूर्व लखनऊ में बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से एक विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया था ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने कितनी प्रगति की है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) लखनऊ में डा० भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए अक्तूबर, 1989 में उत्तर प्रदेश राज्य विधान सभा मंडल ने एक अधिनियम पारित किया था। राज्य सरकार द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राज्य द्वारा 244 एकड़ भूमि प्राप्त की गई है तथा निर्माण कार्य भी आरंभ हो चुका है। राज्य सरकार ने अभी तक विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए 21.92 करोड़ रुपए की राशि दे दी है।